भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 6300
दिनांक 02 अप्रैल, 2026

आंध्र प्रदेश में अपतटीय तेल और गैस परियोजनाएं

†6300. श्री जी. एम. हरीश बालयोगीः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और निजी कंपनियों द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं सहित कृष्णा-गोदावरी बेसिन और आन्ध्र प्रदेश के अन्य अपतटीय क्षेत्रों में कार्यान्वयन के अधीन अपतटीय तेल और गैस अन्वेषण तथा विकास परियोजनाओं की कंपनी-बार संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान ऐसी अपतटीय परियोजनाओं पर परियोजना-वार और कंपनी-वार कुल कितना निवेश करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है और कितना व्यय किया गया है;

(ग) उक्त अवधि के दौरान ऐसी परियोजनाओं के संबंध में खोदे गए कुओं, स्थापित किए गए अपतटीय प्लेटफार्मों, बिछाई गईं पाइपलाइनों और स्थापित तटवर्ती प्रसंस्करण या टर्मिनल सुविधाओं की संख्या कितनी है;

(घ) इन परियोजनाओं से कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की अनुमानित उत्पादन क्षमता कितनी होने की संभावना है और उत्पादन शुरू होने की संभावित समय-सीमा क्या है;

(ङ) इस क्षेत्र में अपतटीय हाइड्रोकार्बन परियोजनाओं के लिए कौन-सी पर्यावरणीय और तटीय विनियामक स्वीकृतियां अपेक्षित हैं और चल रही तथा प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए ऐसी स्वीकृतियों की स्थिति क्या है; और

(च) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कितना रोजगार सृजित हुआ है और विशेषकर अमलापुरम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ): कृष्णा-गोदावरी बेसिन और आंध्र प्रदेश के अन्य अपतटीय क्षेत्रों में कार्यान्वित अपतटीय तेल और गैस अन्वेषण और विकास परियोजनाओं का विवरण देने वाला एक समेकित ब्यौरा अनुलग्नक-1 में दिया गया है।

(ङ) विनियामक और संविदात्मक प्रावधानों के अनुसार किसी प्रचालक को प्रादेशिक जल (12 नॉटिकल मील तक) में स्थित अपतटीय हाइड्रोकार्बन परियोजनाओं के लिए, जहाँ भी लागू हो, आवश्यक पर्यावरणीय और तटीय मंजूरी प्राप्त करना अनिवार्य है, जिसमें पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना 2006 (समय-समय पर यथासंशोधित) के तहत पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी); सीआरजेड अधिसूचना 2011/19 के तहत तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरजेड) मंजूरी; संबंधित राज्य प्राधिकरणों से स्थापना हेतु सहमति (सीटीई) और प्रचालन हेतु सहमति (सीटीओ) शामिल हैं। मंजूरी की स्थिति परियोजना के कार्यान्वयन के चरण के आधार पर अलग-अलग होती है। केजी बेसिन में चल रही और प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए मंजूरी की स्थिति अनुलग्नक-II में दी गई है।

(च) अपतटीय परियोजनाएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों ही तरह के रोजगार के अवसर पैदा करती हैं, जिसमें विशेष क्षेत्रों में विविध रोजगार के अवसरों का सृजन, कौशल विकास के माध्यम से स्थानीय भागीदारी, अभितटयी सुविधा प्रबंधन, केजी क्षेत्र में कुशल और अकुशल दोनों तरह के रोजगार को बढ़ावा देना और तेल और गैस मुद्रीकरण से गुणक प्रभाव शामिल हैं। प्रचालक स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपनी नैगम सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) और सांविधिक दायित्वों के हिस्से के रूप में विभिन्न पहल करते हैं।

*****

अनुलग्नक 1

'आंध्र प्रदेश में अपतटीय तेल और गैस परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 02.04.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 6300 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

क्र.स.	व्यवस्था	संविदा क्षेत्र	राज्य / स्थान	प्रचालक	क्षेत्रफल (वर्ग किमी)	प्रतिबद्ध निवेश (एमएमयूएसडी)	पिछले 5 सालों में किया गया निवेश (एमएमयूएसडी)	उत्पादन शुरू करने की समयसीमा	वेधित कूपों की संख्या	स्थापित अपतटीय प्लेटफ़ॉर्म की संख्या	पाइपलाइन (किमी)	अपतटीय सुविधा	तटवर्ती सुविधा
1	एनईएलपी	केजी-डाउन-98/2	केजी अपतटीय	ओएनजीसी	2392	5794.28	3318.94	पहले से ही उत्पादन में	6	1	400	एक ब्रिज कनेक्टेड ऑफशोर सेंट्रल प्रोसेस प्लेटफॉर्म (सीपीपी) और लिविंग क्वार्टर्स विद यूटिलिटीज (एलक्यूयूपी) लगाया गया है।	दो तटवर्ती टर्मिनल स्थापित किए गए 1. ओडालारेवु में तटवर्ती टर्मिनल - गैस प्रसंस्करण, कस्टडी ट्रांसफर मीटर, एमईजी पुनर्जनन संयंत्र, अपशिष्ट उपचार संयंत्र आदि। 2. मल्लावरम में तटवर्ती टर्मिनल - कस्टडी ट्रांसफर
2	एनईएलपी	केजी-डाउन-98/3	केजी अपतटीय	आरआईएल	979.75	2743 (ग्लोबल) 1103 (आरए फडीपी के लिए इंक्रीमेंटल)	2024-25 तक ग्लोबल बेसिस पर 1610 खर्च होंगे	जून-28	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
3	पूर्व एनईएल	रावा	पूर्वी अपतटीय	वेदांता लिमिटेड	311	100	95	पहले से ही उत्पादन में	5	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

क्र.स.	व्यवस्था	संविदा क्षेत्र	राज्य / स्थान	प्रचालक	क्षेत्रफल (वर्ग किमी)	प्रतिबद्ध निवेश (एमएमयूएसडी)	पिछले 5 सालों में किया गया निवेश (एमएमयूएसडी)	उत्पादन शुरू करने की समयसीमा	वेधित कूपों की संख्या	स्थापित अपतटीय प्लेटफ़ॉर्म की संख्या	पाइपलाइन (किमी)	अपतटीय सुविधा	तटवर्ती सुविधा
	पी												
4	डीएसएफ	केजी/ओएसडीएसएफ/जीएसकेवी1/2016	केजी ऑफशोर	एवीआर ऑयल एंड गैस प्राइवेट लिमिटेड	24.2	14.9	2.33	तीसरी तिमाही 2027-28	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
5	डीएसएफ	केजी/ओएसडीएसएफ/जीएसकेडब्ल्यू/2018	केजी ऑफशोर	ऑयल इंडिया लिमिटेड	93.902	102.5	8.93	क्यू1 2028-29	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
6	डीएसएफ	केजी/ओएसडीएसएफ/जीएस 21/2021	केजी ऑफशोर	आईएमसी इंफ्रास्ट्रक्चर	111.07	45	0.7	क्यू 2 2026-27	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
7	डीएसएफ	केजी/ओएसडीएसएफ/जीएस 49/2021	केजी ऑफशोर	ओएनजीसी	148.27	70.92	2.48	क्यू 2 2029-30	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
8	डीएसएफ	केजी/ओएसडीएसएफ/चंद्रिका/2021	केजी ऑफशोर	ओएनजीसी	697.03	434.06	4.93	क्यू 2 2029-30	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
9	ओएएलपी	केजी-डीडब्ल्यूएचपी-2017/1	केजी ऑफशोर	वेदांता लिमिटेड	6574.26	0.075	20.51	अन्वेषण चरण में	0	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

क्र.स.	व्यवस्था	संविदा क्षेत्र	राज्य / स्थान	प्रचालक	क्षेत्रफल (वर्ग किमी)	प्रतिबद्ध निवेश (एमएमयूएसडी)	पिछले 5 सालों में किया गया निवेश (एमएमयूएसडी)	उत्पादन शुरू करने की समयसीमा	वेधित कूपों की संख्या	स्थापित अपतटीय प्लेटफ़ॉर्म की संख्या	पाइपलाइन (किमी)	अपतटीय सुविधा	तटवर्ती सुविधा
10	ओएएलपी	केजी-ओएसएचपी-2017/1	केजी ऑफशोर	वेदांता लिमिटेड	177.37	41.343	6.43	अन्वेषण चरण में	6	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
11	ओएएलपी	केजी-यूडीडब्ल्यूएचपी-2018/1	केजी ऑफशोर	आरआईएल-बीपी	1513.9	32.02085	78.815315	अन्वेषण चरण में	2	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
12	ओएएलपी	केजी-यूडीडब्ल्यूएचपी-2022/1	केजी ऑफशोर	आरआईएल-बीपी	1199.64	52.79946	3.66	अन्वेषण चरण में	4	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
13	ओएएलपी	केजी-यूडीडब्ल्यूएचपी-2023/1	केजी ऑफशोर	ऑयल इंडिया लिमिटेड	9495.16	18.0634	-	अन्वेषण चरण में	0	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
14	ओएएलपी	केजी-यूडीडब्ल्यूएचपी-2023/2	केजी ऑफशोर	ऑयल इंडिया लिमिटेड	9223.22	23.755317	-	अन्वेषण चरण में	0	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

अनुलग्नक 2

'आंध्र प्रदेश में अपतटीय तेल और गैस परियोजनाएं' के संबंध में दिनांक 02.04.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 6300 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक ।

कीजी बेसिन में चल रहे और प्रस्तावित परियोजनाओं के लिए मंज़ूरी की जानकारी

प्रस्ताव का प्रकार	**स्थान का नाम/ब्लॉक का नाम**	**प्रचालक**
पर्यावरण मंजूरी	केजी/ओएसडीएसएफ/जीएसकेवी1/2016	एवीआर ऑयल एंड गैस प्राइवेट लिमिटेड
पी एल	पेनुमदम-2	ओएनजीसी
राज्य	केजी/ओएनडीएसएफ/कोरवाका/2016	केईआई-आरएसओएस
	केजी/ओएनडीएसएफ/ गोकर्णपुरम /2018	कीर्ति इंडस्ट्रीज
	मंडपेटा-19	ओएनजीसी
	कविताम अतिरिक्त	ओएनजीसी